## जनसुनवाई में सुनीं गई 112 आवेदकों की समस्याएं, दिया निराकरण का आश्वासन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है।

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गनिर्देशन में ए.डी.एम. धीरेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 112 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, पैतृक संपत्ति का बटवारा करने, खसरा-नक्शा दुरूस्त कराने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। इसके साथ ही कलेक्टर श्री नारायन के निर्देशानुसार जनसुनवाई में आने वाले नागरिकों के लिए फ्री शुगर और बीपी जाँच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम चारगांव भाट के रेवाराम डोले ने पीएचई पाईप लाइन व रोड में अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा दिलाने, ग्राम ईकलबिहरी के नूरानी मस्जिद कमेटी उमरानाला के अनवर बेग ने कब्रिस्तान के लिये भूमि आवंटित करने, ग्राम खिरसाडोह की श्रीमती संध्या श्रीवास्तव ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, ग्राम तालपिपरिया के हृदयराम पवार ने भूमि का राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त करने, ग्राम आमाझिरी की सुश्री रोशनी सिमोनिया ने आईटीआई की फीस माफ करने और आर्थिक सहायता दिलानेए ग्राम उमरहर के किसानों ने खेत पहुंच मार्ग पर हुये अतिक्रमण को हटाने, ग्राम पंचायत हर्राकछार के सरपंच ने ग्राम बातरा स्कूल से जड़ तक सुदूर सड़क मरम्मत कराने एवं छिंदवाड़ा नगर के दीवांचीपुरा के शमीम कुरैशी ने भूमि का सीमांकन करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एसडीएम सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर पुष्पेन्द्र निगम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।



## पुलिस अधीक्षक और एएसपी ने भी सुनीं जनता की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक अजय पांडे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने बड़ी संख्या में पहुँचे नागरिकों की समस्याएँ सुनीं। जनसुनवाई के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक से आए लोगों ने भूमि विवाद, साइबर धोखाधड़ी, मारपीट, चोरी, पारिवारिक विवाद और यातायात संबंधी मुद्दों पर आवेदन प्रस्तुत किए।

जनसुनवाई की शुरुआत में अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को विस्तार से सुना और संबंधित शाखाओं को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

एस.पी. अजय पांडे ने कहा कि जनता की शिकायतों का समय पर निराकरण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग हर समस्या को संवेदनशीलता से लेता है।

ए.एस.पी. आशीष खरे ने कई मामलों में मौके पर ही निर्णय लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाती है और इससे शिकायतों के निपटान की प्रक्रिया और भी पारदर्शी होती है।

जनसुनवाई में पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रकरणों के पंजीकरण और प्रारंभिक जाँच में सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने पुलिस प्रशासन द्वारा तुरंत सुनवाई किए जाने पर संतोष व्यक्त किया।



### सार समाचार

## कफ सीरप कांड में मेडिकल स्टोर संचालक और फार्मासिस्ट की जमानत खारिज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप के मामले में 24 बच्चों की मौत के मामले में एसआईटी की जांच लगातार जारी है। बिना चिकित्सक की पर्ची के 4 वर्षीय अंबिका विश्वकर्मा को सीरप लिखने से मौत के मामले में पुलिस ने आशीर्वाद मेडिकल स्टोर के संचालक अशोक मिश्रा और फार्मासिस्ट अनिल मिश्रा को गिरफ्तार किया था।

आरोपितों को छिंदवाड़ा की स्थानीय अदालत ने जमानत खारिज कर दी इससे पहले बीते मंगलवार को आरोपितों गिरफ्तार कर नयायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया था। आरोपियों ने बिना डॉक्टर की पर्ची के कोल्ड्रिफ कफ सिरप बेचा था, जिससे बच्ची की किडनी फेल हो गई थी। अब तक इस पूरे मामले में कुल 9 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

इस पूरे प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 105, 276, एवं औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धारा 27 (ए) और 27 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इन्हीं धाराओं में परासिया थाना क्षेत्र में भी अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## मोहखेड़ विकासखंड के नौ परीक्षा केंद्रों में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित, 3516 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

**मोहखेड़, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना समन्वयक जे.के. इडपाचे के निर्देशन में संपूर्ण जिले में ओलंपियाड परीक्षा 2025-26 के प्रथम चरण की परीक्षा जन शिक्षा केंद्र स्तर पर संपन्न हुई। जनपद शिक्षा केंद्र मोहखेड़ अंतर्गत 09 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा संपन्न हुई उक्त परीक्षा में निर्धारित लक्ष्य 3834 के विरुद्ध 3516 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे तथा 318 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा में उपस्थित विद्यार्थियों का 91.71 प्रतिशत रहा।



सहायक संचालक सुश्री दिव्या यादव विकासखंड शिक्षा अधिकारी वामन राव खापरे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक संगीत जैन, अकादमिक समन्वयक अरविंद भट्ट एवं मनोज कोलारे द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं संचालन का निरीक्षण किया गया। कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा 11:00 से 1:00 तक एवं कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा 11:00 बजे से 2:00 बजे तक संपन्न हुई। उपस्थित छात्र छात्राओं को शासन के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र में भोजन की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई।

परीक्षा केंद्र अध्यक्ष सुनील नासेरी, राजीव साठे, आर.एन.एस. बघेल, संतू कुरमेती, हरिपाल ऊईके, महेश पवार, दयाल सिंह धुर्वे, संदीप काकोडिया ने विधिवत नियमानुसार परीक्षा संचालित की। उक्त परीक्षा में जनशिक्षक संतोष डोंगरे, श्रीमती पुष्पा कराड़े, कैलाश डोंगरे, प्रवीण पवार, विजय अरमरकार, रामराव फरकारे, बंधु प्रसाद जिलवेकर, सुनील यादव, जगदीश धुर्वे, शिवलाल गाकरे, राजेश खरपुसे, दिनेश यदुवंशी, सुखदेव उईके, सुभाष डोंगरे, जयदेव मालवीय, हरीशचंद्र अल्डक का विशेष सहयोग रहा। ज्ञातव्य हो कि चयनित परीक्षार्थियों की परीक्षा द्वितीय चरण में जनपद शिक्षा केंद्र स्तर पर आयोजित की जावेगी।

## भीमराव वैद्य छिन्दवाड़ा के आबकारी अधिकारी होंगे, अजीत एक्का बालाघाट गए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का का स्थानांतरण उसी हैसियत से जिला बालाघाट किया गया है जबकि छतरपुर से स्थानांतरित होकर आ रहे भीमराव वैद्य छिन्दवाड़ा के आबकारी अधिकारी होंगे। अजीत एक्का मेहनती, मिलनसार एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जाने जाते थे।

## मुस्कान अभियान के अंतर्गत हाई स्कूल रामाकोना में एक दिवसीय शिविर आयोजित

**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यम हाईस्कूल रामाकोना मे सोमवार को ग्राम के हभप बबलू महाराज उपासे के मार्गदर्शन में मुस्कान अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उईके के नेतृत्व में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रत्नाकर भकने के मुख्य आथित्य तथा ग्राम के सेवानिवृत शिक्षक रमेश कापसे की अध्यक्षता तथा धनराज नरांजे, रविन्द्र चौधरी, रामराव कुमरे की प्रमुख उपस्थिति तथा शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाये की उपस्थिति मे सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित छात्र छात्राओं को सायबर क्राइम, यातायात कानून के साथ साथ सोशल मिडिया का उपयोग के बारे मे सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।

इसके साथ साथ भोपाल सेक्टर माध्यम मुस्कान अभियान के तहत लोगो तक संदेश पहुंचाने का कार्य पुलिस के सिपाही बड़ी जिम्मेदारी से कर रहे है। इसके साथ साथ थाना प्रभारी मशन मे हभप बबलू महाराज उपासे का भरपूर योगदान मिल रहा है और उनके की मार्गदर्शण मे हम गांव-गांव जाकर शिविर लेकर जानकारी साझा कर रहे है

वर्तमान समय मे सबसे ज्यादा शालेय विद्यार्थी इसका शिकार होते जा रहे है कच्ची उम्र होने के कारण बाहरी लोगो का बच्चों पर ज्यादा प्रभाव देखने को मिलता है। इसके कारण ही ज्यादातर घटनाये स्कूली बच्चों के साथ होते आ रही है इसीलिए सरकार की मंशा भी है की इसे कम करने के लिए ऐसे शिविर का आयोजन किया जाये।



## ब्लाक कांग्रेस मोहखेड़ ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिन



**मोहखेड़, देशबन्धु।** कल 18 नवम्बर 25 मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं म.प्र. शासन के पूर्व मुख्यमंत्री विकासपुरुष कमलनाथ का 79 वां जन्मदिवस बड़े ही उत्साह पूर्वक एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर केक काटकर मनाया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़ के तत्वधान मे कांग्रेस कार्यालय मोहखेड़ में आयोजित जन्मदिन समारोह के कार्यक्रम में कमलनाथ द्वारा छिंदवाड़ा जिले में किए गये कार्यो पर प्रकाश डाला गया तथा ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थितों में विधानसभा प्रभारी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष सेवादल, युवक' कांग्रेस, एन.एस.यू. आई. कांग्रेस, ग्राम कांग्रेस एवं सभी संगठन के साथी उपस्थित रहे।

अंत में कार्यक्रम का समापन किया गया।

## शिवम सनोडिया ने साहसिक शिविर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चौरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सक्रिय एवं प्रतिभावान स्वयंसेवक शिवम सनोड़िया ने हिमाचल प्रदेश के मनाली में राष्ट्रीय साहसिक प्रशिक्षण शिविर में दस दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से एक है, जिसमें देशभर से चयनित स्वयंसेवक भाग लेते हैं।

महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रशेखर उसरेठे ने बताया कि शिवम ने शिविर के दौरान पर्वतीय वातावरण के अनुरूप कई महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण गतिविधियों में हिस्सा लिया। उन्होंने रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, पर्वतीय ट्रैकिंग, रिवर क्रॉसिंग, ऑब्सटेकल ट्रेनिंग, टेंट लगाना, मॉर्निंग वॉक और व्यायाम जैसी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इन गतिविधियों ने उनकी शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता और टीमवर्क कौशल को सुदृढ़ किया और पर्वतीय परिस्थितियों से निपटने का वास्तविक अनुभव प्रदान किया। शिविर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं समापन समारोह में भी उनकी सहभागिता उल्लेखनीय रही।




## सांसद ने दिल्ली की बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जताई चिंता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संसद की महत्वपूर्ण कमेटी उपभोक्ता मामले, खाद और सार्वजनिक वितरण की बैठके लगातार आयोजित की जा रही हैं। इस महत्वपूर्ण कमेटी में बतौर सदस्य सांसद बंटी विवेक साहू लगातार शामिल होकर अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत कर रहे है।

पूर्व में हुई बैठकों में सांसद श्री साहू द्वारा दिए गए सुझाव पर कमेटी ने अमल करते हुए उसे देश भर में लागू भी किया है। सोमवार को संसद भवन दिल्ली में कानीमोजी करूणानिधि की अध्यक्षता में लगातार दो बैठके आयोजित की गई, जिसमें सांसद श्री साहू ने कमेटी के समक्ष बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए अपने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी कमेटी के समक्ष रखे।



बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कमेटी के समक्ष अपने सुझाव रखते हुए बताया कि बच्चें फ़ास्ट फुड, सॉफ्ट ड्रिंक और पेकेज्ड खाद्य पदार्थ का उपयोग करते है जिसमें शुगर की मात्रा अधिक होती है। कंपनियां फ़ास्ट फूड, ड्रिंक और खाद्य पदार्थों को स्वादिष्ट बनाने के लिए उसमें अधिक मात्रा में शुगर मिलाती है।

जिससें बच्चों में बड़ें होकर हार्मोस की गड़बड़ी, मोटापा सहित अन्य बिमारियां होने का खतरा रहता है। हमें सबसे पहले कंपनियों पर नियंत्रण रखते हुए खाद्य पदार्थों में शुगर की मात्रा निर्धारित करनी होगी, साथ ही सेलिब्रिटी द्वारा खाद्य पदार्थों के ऐड पर भी रोक लगानी होगी। साथ ही आर्टिफिशियल फ्लेवर्स पर भी निगरानी रखनी होगी।

सांसद श्री साहू ने कहा कि आर्टिफिशियल फ्लेवर्स के उपयोग से कई लोगों में एलर्जी हो रही है और साथ ही बच्चों को बचपन में ही ब्लड शुगर की समस्या सामने आ रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि कंपनियों के खाद्य पदार्थों के पैकेट्स में उसमें उपयोग किए गए सामग्री की जानकारी उल्लेखित होनी चाहिए, जिसमें यह लिखा होना चाहिए कि इसमें यह चीज इतनी मात्रा में मिली हुई है। साथ ही यह भी लिखा होना चाहिए की एलर्जी और शुगर वाले इसका उपयोग ना करें।

सांसद श्री साहू के इस सुझाव पर कमेटी ने बताया कि संपूर्ण भारत में किसी भी चीज के चैकिंग की पर्याप्त सुविधा नहीं है चाहे वह दवाईयां हो या खाद्य पदार्थ, खाद्य पदार्थों की चैकिंग में इतना समय लग जाता है कि अगर किसी कंपनी पर हम क्लेम भी करें तो जब तक टेस्ट रिपोर्ट आती है तब तक कंपनी वाले अपनी कंपनी का नाम और जगह चेंज कर लेते है इसलिये टेस्टिंग लैब बनायें जायें।

सांसद श्री साहू ने कमेटी को बताया कि खाद्य पदार्थों में चीनी के साथ ही नमक की मात्रा भी अधिक होती हैं जिससे बच्चों की किडनी एवं हड्डियों पर सीधा असर पड़ रहा है। खाद्य पदार्थों में आर्टिफिशियल फ्लेवर्स और कलर भी मिलाया जा रहा है जो कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को प्रभावित कर रही है।

बच्चों में एलर्जी की परेशानियां बढ़ रही है। खाद्य पदार्थों को ज्यादा पकाने या रिफाइंड करने से फूड का असली पोषण कम हो रहा है। बैठक के दौरान कमेटी के सभी सदस्य और पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सांसद के चिंता को लेकर छिन्दवाड़ा की जनता ने समर्थन दिया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाने को पालाचौरई में की कार्यों की समीक्षा

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एस.आई.आर. के अंतर्गत ग्राम पंचायत पालाचौरई क्षेत्र के बूथो पर बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा घर घर पहुंच कर गणना पत्रक भरने का कार्य किया जा रहा है।

इसी को लेकर सोमवार को बालक माध्यमिक शाला गुढ़ी में जुन्नारदेव तहसीलदार राजेंद्र टेकाम के द्वारा समस्त बीएलओ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई एवं बैठक के दौरान समझाइश दी गई। इसके अलावा मंगलवार की दोपहर में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जुन्नारदेव ओम प्रकाश जोशी के द्वारा भी ग्राम पंचायत पालाचौरई क्षेत्र में पहुंचकर कार्यों की समीक्षा की गई एवं बीएलओ से जानकारी भी ली गई।

इस अवसर पर पालाचौरई सरपंच मुकेश उईके, सचिव चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा, पालाचौरई भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सुधीर तिवारी, ग्यास अहमद सिद्दीकी के अलावा बीएलओ विनोद डेहरिया, बृजमोहन साहू एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी डेहरिया, परवीन बानो, राधा चौरसिया, कंचनबाला डेहरिया, नम्रता राय, रोजगार सहायक राजकुमार डेहरिया के अलावा समस्त बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कर्यकर्ता उपस्थित रहे।

